पंजाब केसरी 29/01/2024

जी.एम.एन. कालेज में सामूहिक चर्चा व व्यक्तिगत साक्षात्कार विषय पर हुई कार्यशाला

अम्बाला, 28 जनवरी (बलराम): जी.एम.एन. कालेज में अंग्रेजी विभाग ने प्लेसमैंट सैल और जॉब प्वाइंट रिक्रूटमैंट के सहयोग से सामूहिक चर्चा व व्यक्तिगत साक्षात्कार के विषय में फाइनल ईयर के विद्यार्थियों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला की संयोजिका अंग्रेजी विभाग से डा. ज्योति सोरोत ने विद्यार्थियों को सरल भाषा में साक्षात्कार के विभिन्न तरीकों के बारे में अवगत करवाया कि किस प्रकार आत्मविश्वास के साथ वे किसी भी मुश्किल प्रश्नों का सामना कर सकते हैं।

कार्यशाला की सह संयोजिका डा. अनुपमा सिहाग ने विद्यार्थियों के साथ सामूहिक चर्चा के विषयों के बारे में बारीकी से जानकारी प्रदान की। वहीं इस कार्यक्रम की आयोजन सचिव मैडम महक ने विद्यार्थियों के साथ प्रश्न उत्तर सांझा किए।

कार्यक्रम का आयोजन सैमीनार हॉल में किया गया और कालेज की कार्यवाहक प्राचार्या डा. सीमा कंसल ने विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि इस तरह की कार्यशाला के आयोजन से विद्यार्थियों में कौशल और ज्ञान की प्रवृत्ति बढ़ती है और उनमें आत्मविश्वास की भावना का समावेश होता है।

लगभग 110 विद्यार्थियों ने इस कार्यशाला में भाग लिया। डा. अमित कुमार अंग्रेजी विभागाध्यक्ष ने धन्यवाद भाषण प्रेषित किया। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग से मैडम कमलेश, डा. अंशु चौधरी व डा. नीना आदि मौजूद रहे।

कार्यशाला में उपस्थित विद्यार्थियों को जानकारी देती डा. ज्योति सोरोत व अन्य। (चंद्रमोहन)